# पंजीकृत श्रमिकों को जारी होंगे क्यू वे कार्ड

## ई श्रम कार्ड वितरण समारोह में केंद्रीय मंत्री रामेश्वर तेली ने दी जानकारी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय श्रम राज्यमंत्री रामेश्वर तेली ने कहा है कि असंगठित क्षेत्र के सभी पंजीकृत कामगारों को क्यू वे कार्ड (मल्टीपर्पज कार्ड) जारी किए जाएंगे। इस कार्ड के जरिए वे देश में कहीं भी योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। वे रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ई-श्रम कार्ड वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पहली बार देश के असंगठित श्रमिकों के कल्याण के लिए नेशनल डाटाबेस तैयार कर ई श्रम पोर्टल शुरू किया गया है। अब उन्हें 'क्यू वे' कार्ड देने की तैयारी है। जो पूरे देश में मान्य होगा। इससे पोर्टल पर पंजीकृत श्रमिक सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा कि देश में 38 करोड़ असंगठित क्षेत्र के कामगारों में से अब तक 5.50 करोड़ से अधिक का पंजीकरण हो चुका है।




केंद्रीय राज्य मंत्री रामेश्वर तेली ने रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में श्रमिकों के ई-श्रम कार्ड वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। -अमर उजाला

### कहा- देश में कहीं भी श्रमिक कल्याण की योजनाओं का लिया जा सकेगा लाभ

इस अवसर पर उन्होंने लाभार्थियों को ई श्रम कार्ड भी बांटा। प्रदेश के श्रम मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी में 6.66 करोड़ श्रमिकों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा गया है। अब तक एक करोड़ पंजीकरण हो चुके हैं।

पराली से तेल निकालकर करेंगे किसानों की आय दोगुनी : केंद्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए केंद्र सरकार कार्य कर रही है। इसके लिए गन्ना, मक्का, आलू, चावल, पराली व बांस आदि से तेल निकालने पर कार्य किया जा रहा है। महिलाओं के प्रति भी सरकार गंभीर है। पेट्रोलियम मंत्रालय लोहे के स्थान पर फाइबर का गैस सिलेंडर देने जा रही है जिसे आसानी से उठाया जा सकेगा।

# सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों के लिए मिलीं डीएनबी की 15 सीटें

अमर उजाला ब्यूरो

### पहले से चल रहे कोर्स में 156 डॉक्टरों ने किया आवेदन

लखनऊ। प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों ... मान्यता दी गई है। महानिदेशक

# डिप्लोमा इंजीनियर्स के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन दावेदार

लखनऊ। उप्र. विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ के प्रांतीय चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए तीन और महासचिव पद के लिए चार